राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने की प्रदेशवासियों से अपील
कोरोना प्रोटोकोल की पालना करते हुए मनायें होली पर्व

जयपुर, 27 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने होली के पावन पर्व पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि होली रंग, उत्साह और उमंग का त्योहार है लेकिन इस बार कोविड – 19 के लगातार बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर अपील की है कि त्योहार पर एहतियात बरतना ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। इसलिए राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कोरोना प्रोटोकोल की पूरी तरह से पालना करते हुए त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा है कि घरों में भी एक स्थान पर अधिक संख्या में एकत्र होकर होली न खेलें। होली खेलें भी तो हाथ को बार–बार सैनिटाइज करते रहें तथा मुंह, नाक पर मास्क जरूर लगाए रखें।

———